हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 6 अगस्त 2025

04 रक्षाबंधन को लेकर सज गए बाजार ट्रैफिक प्लान अब...



07 फीडर सेपरेशन बढ़ाने, कृषि विद्युत ...





## खबर संक्षेप

### परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन कल

**नर्मदापुरम**। जिला नर्मदापुरम अंतर्गत विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की वर्ष 2024 की चौथी बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में 7 अगस्त गुरूवार को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों, विभागीय जांच के लंबित प्रकरणों, अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों, जी.पी.एफ., डी.पी.एफ., वेतनमान निर्धारण, चिकित्सा देयक की जानकारी, क्रमोन्नति आदि पर चर्चा होगी।

### कालेज में हुआ कम्प्यूटर प्रशिक्षण का समापन

**नर्मदापुरम**।कार्यालय आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल के आदेशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम में प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनसामान्य को कम्प्यूटर संसाधनों और इंटरनेट सुविधाओं का उपयोग करने के लिए सक्षम किया गया। प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण का उद्देश्य जनसामान्य को कम्प्यूटर संसाधनों और इंटरनेट सुविधाओं का उपयोग करने के लिए सक्षम करना था।

### आरटीओ ने ली घटना की जानकारी, स्कूल बस को किया जब्त

# अनियंत्रित होकर स्कूल बस खंभे से टकराई, 8 बच्चे, 1 टीचर हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक बार फिर शहर से सटे रोहना ग्राम स्थित महाराणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल की बस हादसे का शिकार हो गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे की बताई जा रही रही है जब बस नर्मदापुरम-हरदा स्टेट हाईवे पर एक कार को बचाने के प्रयास में सड़क से नीचे उतर गई और पेड़ और बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में 8 छात्र और एक टीचर घायल हुए हैं। घायलों में साहिल पटेल, अंशिका, कार्तिका, काशिक चौरे, रागिनी, आरुषि बरखने सहित एक शिक्षिका शिवानी चौरे शामिल हैं। इनमें 5 बच्चों को फ्रैक्चर हुआ है, 3 को सामान्य चोटें आई हैं और शिक्षिका के पैर में गंभीर चोट बताई जा रही है। घायल बच्चों को दूसरी स्कूल बस की मदद से नर्मदा अस्पताल पहुंचाया गया।

मंगलवार सुबह स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे 8 छात्र और 1 टीचर घायल हुए। घटना की जांच करने आरटीओ रिंकू शर्मा मौके पर पहुंची।



**बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंची एसडीएम**



घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम नीता कोरी, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, आरटीओ रिंकू शर्मा, बीईओ नीरजा उईके और बीआरसी सपना गोलानी मौके पर पहुंचे। एसडीओपी ने बताया कि प्राथमिक जानकारी में सामने आया है कि कार को बचाते वक्त बस का संतुलन बिगड़ा। हादसे की जांच की जा रही है। फिलहाल सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है।

### 2009 का था बस का रजिस्ट्रेशन, मौके पर नहीं मिली आवश्यक जरूरी चीजें

स्कूल प्रबंधन ने बस को घटनास्थल से स्कूल परिसर में ले जाकर खड़ी कर दी। जांच हेतु जब आरटीओ और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां बस नहीं मिली। इस दौरान टकराने के कारण एक खंबा तिरछा और पेड़ क्षतिग्रस्त मिला। वहीं इसके बाद स्कूल बस को शाला परिसर से जब्त कर थाने पहुंचा दिया। इस दौरान जांच में पता चला कि बस का रजिस्ट्रेशन 2009 का है। जांच में यह भी बात सामने आई कि बस में फर्स्ट एड बॉक्स और अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण नहीं मिले। हायर सिक्योरिटी नंबर प्लेट की जगह सामान्य प्लेट लगी थी। आरटीओ रिंकू शर्मा ने बताया कि दस्तावेजों में फिटनेस और परमिट तो मिले हैं, लेकिन मौके पर जरूरी चीजें नहीं मिलीं। फिटनेस पहले जारी किया गया था, अब जांच कराई जा रही है कि किन शर्तों पर फिटनेस दिया गया था और वर्तमान स्थिति क्या है।

## आबकारी विभाग ने की अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के अवैध शराब निर्माण, विक्रय परिवहन संग्रहण के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन मेंदिनांक को वृत नर्मदापुरम 'अ ' अंतर्गत आबकारी दल के द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से प्राप्त खबर के आधार पर नर्मदापुरम शहर के सिकलिकार क्षेत्र मे कार्यवाही करते हुए 3 पेटी विदेशी मदिरा बियर, 32 पाव देशी सादा मदिरा एवं 08 विदेशी मदिरा व्हिस्की बरामद किये गए। इस प्रकार माह अगस्त मे कुल 9 बल्क लीटर देशी मदिरा 7.2 बल्क लीटर विदेशी मदिरा 36 लीटर बियर 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 320 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया , मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1 (क) के तहत 10 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गऐ। कार्यवाही सहायक जिला आबकरी अधिकारी अभिलाष पाठक के नेतृत्व मे आबकारी दल के द्वारा की गई. आबकरी उपनिरीक्षक नीलेश पवार, राजेश साहू, हेमंत चौकसे, के के पडरिया , हितेश बिसोरिया, सोनाली डाबर आबकारी मुख्य आरक्षक दुर्गाप्रसाद मांझी ,रघुवीर निमोदा आदि शामिल रहे।

### कमिश्नर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

**नर्मदापुरम**। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समय सीमा के लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें।

## चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन नर्मदापुरम द्वारा त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में सोहागपुर में चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से विभिन्न चाट, फुल्की और मिष्ठान भंडारों की जांच की गई।

चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से नमूनों की मौके पर जांच की गई और साफ-सफाई संबंधी निर्देश दिए गए। मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा द्वारा उक्त चलित खाद्य प्रयोगशाला के साथ कमानी गेट स्थित विभिन्न स्वीट्स सपना स्वीट्स, अंजली स्वीट्स, दुबे स्वीट्स एवं श्री बीकानेर स्वीट्स से मिठाइयों के नमूने लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जनजागरूकता भी फैलाई जा रही है, ताकि लोग खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति जागरूक हो सकें।

## करणी सेना के नगर अध्यक्ष बैठे आमरण अनशन पर, आश्वासन पर किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हरदा जिले में करणी सैनिकों एवं राजपूत समाज के लोगों पर हुए लाठी चार्ज के बाद मुख्यमंत्री द्वारा की गई कार्रवाई से असंतुष्ट होकर होशंगाबाद करणी सेना नगर अध्यक्ष रोहित सिंह पवार लकी ने धरना देकर मंगलवार को हरदा कलेक्टर एवं एसपी पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी कलेक्टर हरदा एवं पुलिस अधीक्षक हरदा है, इन्हें दंडित किया जाए। इसीलिए मेरे द्वारा सुबह से ही आमरण अनशन प्रारंभ किया गया है। जिसमें समाज एवं शहर के अन्य समाजिक संगठनों एवं आमजनों भूख हड़ताल में शामिल होकर मेरा समर्थन किया।

हरदा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को तत्काल दंडित करने हेतु रोहित सिंह पवार लकी के द्वारा



अनिश्चितकालीन भू हड़ताल प्रारम्भ की गईं। रात्रि करीब 8:00 बजे नर्मदापुरम प्रशासन द्वारा 15 दिन का आश्वासन उच्च स्तरीय आदेश के बाद दिया गया। तब लकी पवार द्वारा आमरण अनशन 15 दिन के लिए स्थगित किया गया।

## मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित अभियान "मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम के अन्तर्गत हरित आजीविका रेशम केन्द्र गूजरवाड़ा, माखननगर में एक दिवसीय प्रशिक्षण रोगाणु एवं बीमारी प्रबंधन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक-बी पी.वी. दिनेश कुमार ने मेरा रेशम मेरा अभिमान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी श्रृंखला में वरिष्ठ तकनीकी सहायक श्री गमेर सिंह कितावत ने (रोगाणु एवं बीमारी प्रबंधन पर) एवं रेशम फसल से अच्छी आमदनी के लिए शहतूत उद्यान संधारण पर जानकारी दी गई। जिला रेशम अधिकारी रवीन्द्र सिंह ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगामी फसल की योजना और क्रियाकलाप की समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने हेतु सहभागी पद्धति से योजना तैयार कराई। ककून प्रभारी आर.एस. पचवारिया ने अच्छी गुणवत्ता का ककून तैयार करने और मार्केट में अच्छे भाव प्राप्त करने के लिए जानकारी दी।





## शहर में बढ़ रही गुंडागर्दी की घटनाएं, जिम्मेदार मौन हैंः शर्मा

**शहर में अड़ी बाजी और शांति व्यवस्थाबनाने पूर्व जिपं अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गत दिवस शहर में भाजपा नेता के साथ हुई मारपीट को लेकर पूर्व जिपं अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शासन से कार्यवाही की मांग की है। मंगलवार को शर्मा द्वारा अपने निवास स्थान से प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें उन्होंने शहर में हो रही घटनों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विगत दिनों रास्ता रोक खड़े लड़कों से रास्ते से हटकर बात करने को कहनें पर चाकू मार दिया गया। चूँकि पीड़ित भाजपा का नेता था तथा थाना प्रभारी भी अभी आई है तथा तुरंत कार्यवाही कर रही है इस कारण चाकू मारने वाले पकड़ लिये गये। आज भी ऐसी ही छोटी बात पर झगड़ा हो गया। करीब दो वर्ष पूर्व तथा उसके बाद भी हम एसपी को पत्र द्वारा तथा फोन पर भी सैकड़ो बार निवेदन कर चुके है कि शांति व्यवस्था एवं आवागमन में सुधार करें क्योंकि ज्यादातर झगड़े उसी कारण हो रहे है, परन्तु न तो पुलिस द्वारा न ही प्रशासन द्वारा आवागमन सुचारू बनाने हेतु कोई कार्यवाही की जा रही है।

नर्मदापुरम की प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, जिनकी यह जबाबदारी है। वह चुपचाप बैठे हैं, तथा उनके अधीनस्त कर्मचारी अधिकारी रिश्वत लेकर ही कार्य कर रहे है। नहीं तो फाइल दबाकर सालो निकाल देते है। जिले के हर ऑफिस में रिश्वत लेकर ही काम हो रहे है तथा पुलिस भी रिश्वत लेकर ही कार्य कर रही है। थाने में शिकायतें दर्ज नही करते, यदि करना पडे तथा एफआईआर करना पड़े तो चालान न्यायालय में प्रस्तुत नही होते। फिलहाल हमारे शहर की सबसे बड़ी समस्या यातायात की है। मेन रोड पर हाथ ठेले खड़े है, शहर की आधी सड़को पर फल, सब्जी वाले बैठे है बाकी आधी सड़कों पर मोटर साइकिल तथा मेन रोड पर कार खड़ी रहती है। यदि इनसे थोड़ा हटने को कहते है तो तत्काल झगड़ा करने लगते है।

शहर में गुंडागर्दी चरम सीमा पर है। सड़कों पर मोटर साइकिल एक साथ रखकर उन पर बैठकर चार पांच लड़के बातें करते है बगल से निकलने हेतु हटने को कहने पर बदतमीजी तथा झगड़े को तत्पर रहते हैं। शहर में कहीं भी 4, 5 लड़के फालतू बैठे रहते है, पुलिस कभी गश्त करे तो पूछताज हो । श्रावण माह में कांवड़ यात्रा का बोल बाला है पूरी सड़क पर यात्रा चलती है तथा बीस फुट का डीजे साथ चलता है। शहर के आम नागरिक त्रस्त है पर कहता कोई कुछ नही है क्योंकि कार्यवाही नही होगी वे जानते है। हमने कई बार एस.पी. से कहा कि किसी प्राइवेट नम्बर की गाड़ी से सिठानी घाट तक दोपहर एवं शाम को चले जायें वस्तुस्थिति का पता चल जायेगी। परंतु उनके द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और शहर में अड़ीबाजी और गुंडागर्दी बढ़ गई। उन्होंने प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

## एनसीसी जूनियर विंग कैडेट्स को हुआ प्रमाण पत्र का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस स्कूल के 2023 के जूनियर विंग के एनसीसी केडिट्स को मंगलवार को एक समारोह में संस्था द्वारा ए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर केडेट्स को एकता और अनुशासन की महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेरणा रावत, आरके सिंह, उप प्राचार्य आरके रघुवंशी, विक्रांत खंपरिया, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, सेकेंड अआफीसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, एनसीसी केयर टेकर आफिसर स्नेहा उपाध्याय एवं शाला के शिक्षक एवं विद्यार्थी एवं एनसीसी केडिट्स उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की 92 आवेदनों पर सुनवाई, निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा 92 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। कलेक्टर ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत अवैध अतिक्रमण, आवास, शिक्षा, सीमांकन, राजस्व जैसी अन्य समस्याओं का समाधान किया। कलेक्टर ने ग्राम बछवाडा के ग्राम वासी द्वारा संदीपनी विद्याल (सीएम राइस स्कूल) माखन नगर अंतर्गत बस का संचालन किया जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए की बस संचालन की अद्यतन स्थिति की जांच कर स्कूल के लिए शीघ्र बस का संचालन प्रारंभ करवाया जाए एवं उक्त संबंध में पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करें।

## संसद भवन में आयोजित बैठक में शामिल हुई सांसद नारोलिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसद भवन स्थित एनेक्सी में भारत सरकार की महिला सशक्तीकरण स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने समिति की सदस्य के रूप में सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष डग्गुबाती पुरंदेश्वरी ने की।

बैठक में देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों ने भी भाग लिया, जिनमें डॉ. अरविंद, प्रो. एन. मणिकमेलई, तथा सुश्री संचिता प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक के दौरान महिलाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों को नीतियों के निर्माण में सम्मिलित करने पर जोर दिया गया। ताकि देश की प्रत्येक महिला सशक्त, आत्मनिर्भर और सामाजिक-आर्थिक रूप से सुदृढ़ बन सके।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी**

## अपनी मां के सम्मान में सभी को एक पौधे का रोपण अवश्य करना चाहिएः सीमा सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा आज शासकीय कन्या शाला में "एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी सीमा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत मंडल में 750 से अधित एक पेड़ मां के नाम अभियान के दौरान पौधा रोपण किए जा चुके है। आम जनों के साथ मिलकर निरंतर पौधरोपण किए जाएंगे। जिला प्रभारी सीमा सिंह ने कहा अपनी मां के सम्मान में प्रतिदिन एक पौधा लगाने का संकल्प लेवे। भाजपा जिला अध्यक्ष



प्रीति शुक्ला ने कहा अभियान में नगर के विभिन्न बूथों पर पौधारोपण किया जा रहा है जिससे हर जन जन को जागरूक कर जोड़ा जा रहा है। पौधारोपण में पांच अशोक के पौधे रोपित किए गए। इसके मंडल में अभियान के प्रभारी नीरजा फौजदार एवं सह प्रभारी गजेंद्र चौहान सहित कार्यकर्ता के कार्य की सराहना कर बधाई दी गई। पौधरोपण के दौरान नपा अध्यक्ष नीतू यादव, जिला कोषा अध्यक्ष लोकेश तिवारी, जिला मंत्री ज्योति चौरे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित, राहुल सिंह ठाकुर, चरणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने की नजूल प्रकरणों की समीक्षा

**नर्मदापुरम**। कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले में लंबित नजूल प्रकरणों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नजूल पट्टों के नवीनीकरण एवं प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित गति लाई जाए। कलेक्टर मीना ने निर्देश दिए कि जो नजूल पट्टे नवीनीकरण योग्य हैं, उन्हें शीघ्र ही आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज कराया जाए। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरआई एवं पटवारी द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे करवाकर पात्र पट्टाधारियों को नवीनीकरण प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया जाए। बैठक में कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि पूर्व से दर्ज नजूल प्रकरणों को शीघ्र ही अपर कलेक्टर एवं नजूल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

## स्प्रिंगडेल्स स्कूल के छात्र आराध्य चुने गए सर्वश्रेष्ठ कैडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल के कक्षा नौवीं के छात्र आराध्य शर्मा को भोपाल ग्रुप हेडक्वार्टर की 13 एमपी बटालियन के सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में चयनित किया गया है। यह स्कूल और उसके एनसीसी कैडेटों के लिए एक गर्व का क्षण है। आराध्य शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस चयन ने न केवल उनके व्यक्तिगत कौशल को दर्शाया है, बल्कि एनसीसी के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर किया है।

इस अवसर पर, स्कूल के डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी, प्रिंसिपल मोना चटर्जी, एनसीसी कैडेट्स और समस्त स्कूल परिवार ने आराध्य को उसकी इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और



शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आराध्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य छात्रों को भी एनसीसी में शामिल होने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। आराध्य ने इस सम्मान के लिए अपने शिक्षकों, स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य मोना चटर्जी और एनसीसी अधिकारी का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने उनका मार्गदर्शन किया और उन्हें इस मुकाम तक पहुँचने में मदद की।

## खबर संक्षेप

### बैतूल जिले में ज्योति कलश यात्रा 1 सितंबर से

**बैतूल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ज्योति कलश यात्रा का आगमन बैतूल जिले में 1 सितंबर से हो रहा है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ. कैलाश वर्मा एवं जिला सह-समन्वयक रविशंकर पारखे ने बताया कि यह ज्योति कलश यात्रा अखंड ज्योति एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य अवतरण वर्ष 1926 के 100 वर्ष पूर्ण कर शताब्दी वर्ष के रूप में आ रहे 2026 की तैयारी व संदेश देने के लिए आ रही है। यह यात्रा शाहपुर तहसील में 1 से 3 सितंबर, घोड़ाडोंगरी 4 से 6 सितंबर, आमला 7 से 11 सितंबर, बैतूल 12 से 14 सितंबर, चिचोली 15 से 16 सितंबर, भीमपुर 17 से 18 सितंबर, भैंसदेही 19 से 21 सितंबर, आठनेर 22 से 24 सितंबर, प्रभात पट्टन 25 से 27 सितंबर तथा मुलताई में 28 से 30 सितंबर तक रहेगी। इसके उपरांत यात्रा पांढुर्णा तहसील में जाएगी। सभी तहसील समन्वयकों एवं गायत्री परिवार के सक्रिय परिजनों से दिव्य ज्योति कलश यात्रा की तैयारी व व्यवस्था, प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया गया है।

### खाटू श्याम सेवा समिति ने निकाली पदयात्रा

**बैतूल।** श्री खाटू श्याम युवा सेवा समिति कोसमी बैतूल के तत्वावधान में रिंगस से खाटू श्याम सिखर राजस्थान तक 18 किमी पदयात्रा निकाली। समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 23 जनवरी को श्री श्याम सरकार मंदिर कोसमी में श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसके संकल्प के लिए बैतूल वासियों ने 5 अगस्त पुत्रदा एकादशी के दिन यह पदयात्रा निकाली। समिति सदस्यों ने बताया कि मंदिर की तैयारियां जोरों पर चल रही है और इसकों लेकर जिम्मेदारियों सौंपी जा रही है।

### कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश किया जारी

**बैतूल।** बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(5) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले की समस्त राजस्व सीमा में गौवंश और मवेशियों को सडक़ों पर छोडऩे पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस आदेश का उद्देश्य सडक़ दुर्घटनाओं को रोकना, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सडक़ व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखना है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार पशुपालक गोवंश, मवेशियों को अपने घर में बांधकर रखें। कोई भी पशुपालक यदि जानबूझकर या लापरवाही पूर्वक अपने गौवंश या मवेशियों को सडक़ों या सार्वजनिक स्थानों पर छोड़ता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश में ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे राजमार्गों और मुख्य सडक़ों के आसपास स्थित गांवों में मुनादी कराकर जनता को जागरूक करें। साथ ही स्थानीय स्तर पर कर्मचारियों या वॉलेंटियर्स की नियुक्ति कर सडक़ों पर मवेशियों के विचरण पर नजर रखी जाए।

## कोठीबाजार में सड़क निर्माण से बिगड़ सकती है यातायात व्यवस्था

# रक्षाबंधन को लेकर सज गए बाजार ट्रैफिक प्लान अब तक तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार सज गये है। जगह-जगह राखी की दुकानें लग गई है और लोगों ने खरीदी भी शुरू कर दी है। जिससे बाजारों में भीड़ बढऩे लगी है, लेकिन सडक़ों पर बढते ट्रैफिक को लेकर अभी तक कोई तैयारी नहीं दिख रही। दरअसल कोठीबाजार और गंज क्षेत्र के लिए यातायात विभाग ने अब तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं किया है। जिससे बाजार की सडक़ों पर जाम की स्थिति बनने लगी है। खासकर कोठीबाजार क्षेत्र में, यहां वाइट टापिंग सडक़ निर्माण के कारण परेशानियां और बढ़ गई है। कोठीबाजार में लल्ली चौक से कोतवाली चौक तक वाइट टापिंग सडक़ बन रही है। इस सडक़ पर सबसे ज्यादा यातायात का दबाव भी रहता है। ऐसे में सडक़ तैयार होने के कारण एक ही लेन पर आवागमन टिका हुआ है। जिससे यहां पर वाहन चालकों को बार-बार ट्रॉफिक जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वैसे आम दिनों में भी इस सडक़ के हालात ऐसे ही रहते है कि कोई बड़ा वाहन आ जाये तो पूरी ट्रॉफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है और लोगों को जाम से निकलने के लिए इधर-उधर से रास्ता तलाशना पड़ता है। बहरहाल त्यौहारी सीजन में इस सडक़ पर वाहन लेकर चलना तो दूर, पैदल भी निकलना लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं होता है, लेकिन इसके बावजूद भी यातायात विभाग ने अब तक लोगों को जाम से बचाने के लएए कोई तैयारी नहीं की है।



### सीमेंट रोड से निकाल रहे वाहन, फंसने से लग रहा जाम

कोठीबाजार में लल्ली चौक से कोतवाली चौक तक बन रही व्हाइट टापिंग सडक़ के कारण सीमेंट रोड पर ट्रैफिक भी बढ़ गया है। सीमेंट रोड पहले से सकरा है। इस पर बाइकों के खड़े होने के कारण निकलना मुश्किल हो जाता है। दूसरा रास्ता बंद होने से कार चालक यहां से निकलने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कारण सीमेंट सडक़ पर वाहन फंस रहे है। लेकिन व्यवस्था नहीं बन पा रही है। बता दे कि शहर के मुख्य बाजारों में कोठीबाजार सबसे व्यस्ततम मार्केट में शामिल है। यहां सीमेंट रोड पर आमदिनों में वैसे ही दोपहिया वाहन से निकलना मुश्किल होता है और त्यौहारी सीजन में तो इस सडक़ पर पैर रखने तक की जगह नहीं होती है। वाहन धीमी गति से रेंगते हैं और कई बार विवाद की स्थिति बन जाती है। इस सडक़ पर त्योहारी भीड़ ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है।

### पार्किंग के लिए भूमिपूजन लेकिन काम शुरू नहीं

कोठीबाजार क्षेत्र में पार्किंग के लिए नगरपालिका ने भूमिपूजन किया है। लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। लोग नगरपालिका परिसर में वाहन खड़ा कर देते थे, लेकिन यहां भी वाइट टापिंग सडक़ निर्माण के कारण रास्ता वन-वे बनकर रह गया है। वहीं बीकानेर स्वीट्स के सामने थोड़ी बहुत जगह बचती है, लेकिन यहां भी छोटे दुकानदार अपनी दुकानें लगा लेते है। ऐसे में वाहनों की पार्किंग के लिए जगह नहीं मिलने से ग्राहक वाहनों पर बैठे-बैठे ही खरीदी करते है या दुकानों के सामने खड़ा कर देते है। जिससे आवागमन के लिए पर्याप्त स्थान नहीं रहता और बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। परिणाम आमजनों को परेशानियों के रूप में चुकाना पड़ता है।

### ट्रॉफिक विभाग का दावा जल्द बनाएंगे व्यवस्था

त्योहारी सीजन में बढ़ते यातायात के दबाव को लेकर ट्रॉफिक विभाग का दावा है कि जल्द ही ठोस प्लान बनाकर अमल किया जायेगा। कोठीबाजार में पॉइंट बढ़ाकर ट्रॉफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई जायेगी। इसके अलावा मार्ग को डाइवर्ट करने के साथ-साथ बीच में पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जायेगी। इधर गंज क्षेत्र में बाबू चौक से टांगा स्टैंड से गंज मस्जिद की तरफ ट्रॉफिक भेजा जायेगा। ट्रॉफिक विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गंज और कोठीबाजार में कुछ जगहों को चिन्हित किया जायेगा, जिससे कि लोग वाहनों को खडा कर सके। अधिकारियों ने आमजनो से भी अपील की है कि वर्तमान में कोठीबाजार क्षेत्र में सडक़ निर्माणाधीन है, ऐसे में चारपहिया वाहनों से खरीदी करने बाजार न आये और पैदल चलकर ही मार्केट में खरीदी कर यातायात विभाग को सहयोग करे।

**इनका कहना है**

चूंकि कोठीबाजार में सडक़ निर्माणाधीन है, ऐसे में यहां ट्रॉफिक जाम न हो, इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। कुछ मार्गों को डायवर्ट किया जायेगा और पाइंट बढ़ाये जायेगे। हमारी लोगों से अपील है कि वे चारपहिया वाहनों से कोठीबाजार में खरीदी करने न आए और मार्केट में पैदल की खरीदी करे, ताकि बार-बार जाम की स्थिति न बने।

**- गजेन्द्र केन**, यातायात प्रभारी, बैतूल

## ग्रामीण ने हत्या बता कर की जांच की मांग

# ग्राम हेटी में दो भाइयों की संदिग्ध मौत से सनसनी

### कुए में मिला छोटे भाई का शव, लोहे की सलाखों से लटका मिला था बड़े भाई का शव



**मुलताई।** ग्राम हेटी में 25 वर्षीय आशीष चौधरी की संदिग्ध मौत की गुत्थी अभी सुलझी ही नहीं थी कि आज ग्राम हेटी में आशीष के छोटे भाई मनोज पवार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत के कुए से बरामद हुआ है। 7 माह में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर लगते ही संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी और आक्रोश का माहौल है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने मुलताई पहुंचकर थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया को ज्ञापन सौप दोनों घटना को हत्या बताते हुए मामलों में निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मुलताई ब्लॉक के ग्राम हेटी निवासी 22 वर्षीय युवक मनोज पंवार का शव गांव के एक खेत में स्थित कुएं में मिला। ग्रामीणों ने बताया की मनोज पंवार पिता हेमराज चौधरी हैदराबाद की एक निजी कंपनी में कार्यरत था और हाल ही में छुट्टी पर गांव आया था। सोमवार सुबह वह खेत की ओर गया था, लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद उसका शव कुएं में मिला।

### मकान की छत से लटका मिला था बड़े भाई का शव

मनोज पवार की संदिग्ध मौत का मामला जिसे ग्रामीण हत्या बता रहे हैं इसलिए भी गंभीर हो जाता है कि सात महा पूर्व ग्राम हेटी निवासी मृतक मनोज के बड़े भाई आशीष पिता हेमराज चौधरी 25 वर्ष का शव हेटी ग्राम में अपने मामा महादेव पिंजारे की सी?ी की छत मे लगी लोहे की सलाखों से लटका मिला था और इस घटना का उल्लेखनीय पहलू यह था कि मृतक के गले की रस्सी मकान की छत की सलाखों से बंधी थी वही मृतक के दोनों हाथ कमर के पीछे रस्सी से बंधे हुए थे ऐसी स्थिति में ग्रामीणों द्वारा हत्या की आशंका जताना स्वाभाविक ही था। माना जा रहा है था कि शीघ्र ही पुलिस इस मौत और हत्या के मामले की गुत्थी सुलझा लेगी किंतु सात माह बाद इस मौत का खुलासा नहीं हो सका है और इससे पहले की मौत का खुलासा हो पता छोटे भाई की फिर संदीप परिस्थितियों में मौत हो गई है।

### बताया हत्या, ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

ग्राम हेटी के सरपंच सुभाष देवासे, एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश हिगवे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण मुलताई पहुंचे और थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया को ज्ञापन सौंप दोनों भाइयों की संदिग्ध मौत को हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की ।थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया घटना की जानकारी मिलते ही मुलताई पुलिस सक्रिय हो गई है पुलिस ने हर स्तर पर जांच प्रारंभ कर दी है। एफएसएल टीम भी मौके पहुंची और घटना स्थल पर पहुंचकर संपूर्ण मामले के साक्ष्य जुटाए गए।

**जांच शुरू कर दी है**

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। शव का पीएम कराया जा रहा है एफएसएल टीम पहुंच गई है। भाई के मौत के पुरानी डायरी भी निकाल कर संपूर्ण मामले की हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।

**देवकरण डेहरिया**
थाना प्रभारी मुलताई

# पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार



**बैतूल।** पत्नि की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर फरार होने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति को न्यायालय बैतूल के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 3 अगस्त को थाना चिचोली अंतर्गत चौकी भीमपुर में सूचनाकर्ता राहुल पिता स्व. गोरेलाल सेलुकर, (21) निवासी गौलीढाना (चिखली), जो कि मृतिका का भांजा है ने सूचना दी थी कि ग्राम पटवारीढाना चिखली निवासी सुम्मी सेलुकर की उसके पति सुखराम सेलुकर द्वारा कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना के आधार पर थाना चिचोली में आरोपी सुखराम सेलुकर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल एन. झारिया के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी शाहपुर मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई एवं सघन तलाशी अभियान चलाया गया। टीम के अथक प्रयासों से आरोपी सुखराम सेलूकर (45 वर्ष) निवासी पटवारीढाना (चिखली) को गिरफ्तार कर न्यायालय बैतूल के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## धार्मिक संगठनों में ज्ञापन सौंपा

# तूल पकड़ रहा है मृत गौवंश को कचरा घर में डालने का मामला

**मुलताई।** नगरपालिका द्वारा मृत गौवंश को कचरा घर में फेक जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसको लेकर हिंदू संगठनों में रोष है। जिसको लेकर बजरंग दल एवं शक्ल हिंदू संगठन ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंप कर मृत मवेशियों की गौर समाधिया निर्माण करने की व्यवस्था करने की मांग की है, ऐसा न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गौशाला में मृत गौवंश को नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा मैला खनती में ले जाकर डाल दिया जाता है जिससे नगरवासियो में रोष का माहौल पैदा हो गया है। पूर्व में भी इस प्रकार नगर पालिका द्वारा इस प्रकार की घटना घटित की गई है। हिन्दू संगठन द्वारा कई बार इन घटनाओ का विरोध किया गया है, फिर भी नगर पालिका द्वारा अपनी कार्य शैली में सुधार लाने की बजाय दिन



ब दिन गौमाता को अपमानित करता रहा है। इससे हमारी धार्मिक आस्था आहत है हमारी मांग है कि यह घटना के पीछे जो कोई भी हो उसे उचित एंड दे कर प्रशासन द्वारा गौ समाधि के लिए उचित व्यवस्था कर ससम्मान उनका अंतिम संस्कार किया जाये। इस प्रकार पूर्व में कई घटना घटित हो चुकी है। अंतिम चेतावनी है इसके बाद इस प्रकार के कृत्य बर्दाश्त नहीं किये जायेगे। अगर इस प्रकार कृत्य सामने आते है तो सकल हिन्दू समाज प्रशासन के आमने सामने होगा। जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

## महिला साधिकाएं घर-घर पहुंचा रहीं औषधीय ज्ञान

# 1 से 15 अगस्त तक चलेगा आयुर्वेदिक पखवाड़ा

### आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मोत्सव पर महिला पतंजलि समिति ने शुरू किया अभियान

**बैतूल।** महिला पतंजलि जिला योग समिति बैतूल द्वारा आयुर्वेदिक पखवाड़े के तहत 1 अगस्त से 15 अगस्त तक जिलेभर में औषधीय पौधों का रोपण कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आचार्य शिरोमणि बालकृष्ण जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से समाज में आयुर्वेदिक चिकित्सा और जड़ी-बूटियों के महत्व की जानकारी दी जा रही है। जिला समिति योगपीठ की प्रमुख संगीता अवस्थी ने बताया कि यह पखवाड़ा अभियान जिले के प्रत्येक कोने में सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है।




महिला साधिकाएं गली-गली, घर-घर और स्कूलों में पहुंचकर जड़ी-बूटियों की पहचान, उपयोग और लाभ के बारे में जानकारी दे रही हैं। इस दौरान लक्ष्मी तरु, गिलोय, एलोवेरा, कडू नीम, मीठा नीम, कंद, हथजोड़ी, तुलसी, हल्दी और अदरक जैसे बहुपयोगी आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया जा रहा है। साथ ही, इन पौधों के औषधीय गुणों के बारे में लोगों को बताया जा रहा है, ताकि वे अपनी दिनचर्या में इन्हें अपनाकर स्वास्थ्य लाभ ले सकें। संगीता अवस्थी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आयुर्वेद के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को भी इस मुहिम से जोड़ा गया है, ताकि आयुर्वेद की समझ बचपन से ही विकसित हो सके। महिला पतंजलि समिति का यह प्रयास जिले में सकारात्मक प्रभाव छोड़ रहा है और समाज को प्राकृतिक चिकित्सा की ओर प्रेरित कर रहा है। आयुर्वेदिक पखवाड़े के अंतर्गत पौधारोपण के साथ-साथ नियमित रूप से आयुर्वेदिक विषयों पर चर्चा, संवाद और जानकारी का आदान-प्रदान भी किया जा रहा है।

## अभियान के तहत की कार्रवाई

# रेत, गिट्टी, मुरम का अवैध परिवहन करते 2 डंपर और 3 ट्रैक्टर जब्त

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 5 अगस्त को मुलताई तहसील अंतर्गत वाहन डंपर क्रमांक एमएच 49 एटी 6006 को खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर पुलिस चौकी प्रभात पट्टन की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान 2 अगस्त को तहसील बैतूल, चिचोली व आठनेर क्षेत्र में डंपर क्रमांक एमपी 48 एच 3569, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडबी 8095, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 ए 5552 एवं ट्रैक्टर-ट्राली बिना नंबर को गौण खनिजों के अवैध परिवहन एवं ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर समीपस्थ पुलिस



थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। उक्त वाहनों के वाहन चालकों, वाहन मालिकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मध्य प्रदेश अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सतत निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# प्राप्त आवेदनों के निराकरण में कोताही न बरती जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देशित संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम जामझिरी निवासी राजकुमार ने भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भैंसदेही तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम हरन्या निवासी संजय कुमार पंडोले ने रिहायशी क्षेत्र में स्थित कारखाने से हो रही परेशानी की शिकायत जनसुनवाई में की।

प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने आमला एसडीएम को तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम परासिया निवासी शशि अतुलकर ने न्यायालय के आदेश अनुसार रिकार्ड दुरुस्त करने के लिए आवेदन दिया। जिस पर सीईओ श्री जैन ने मुलताई




तहसीलदार को तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। शाहपुर निवासी श्रीराम पात्रीकर ने आवेदन के माध्यम से पेंशन दिलाए जाने की गुहार लगाई। जिस पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने आमला एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### राजीव गांधी लाइन की स्वीकृति की मांग

ग्राम पंचायत मालेगांव के ग्राम बसन्या के ग्रामीणों ने हेडपंप खनन किए जाने तथा ग्राम में राजीव गांधी लाइन स्वीकृत किए जाने को लेकर जनसुनवाई में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने हेडपंप खनन के लिए पीएचई विभाग के ईई को तथा राजीव गांधी लाइन के लिए एमपीईबी के जीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील निवासी अशोक टेकाम ने संशोधन पंजी में प्रविष्टि उपरांत उसे ऑनलाइन दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बोरगांव के ग्रामीणों ने ग्राम बोरगांव से दनोरा पहुंच मार्ग की रिपेयरिंग किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पीडब्ल्यूडी के ईई को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायत

जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम बिरुल बाजार निवासी बाबुराव बनकर ने ग्राम में अनावेदक द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण किए जाने की शिकायत की। जिस पर सीईओ श्री जैन ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण की जांच कर बिना अनुमति विकास के कॉलोनी निर्माण कार्य होने पर तत्काल कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए है। बैतूल मुख्यालय के रामनगर निवासी नामदेव उबनारे ने एक ही प्लाट दो व्यक्तियों को बेचे जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने बैतूल एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## आगामी त्यौहारों पर जन सुरक्षा को लेकर पुलिस कर रही निगरानी

सोहागपुर। त्यौहारी सीजन के चलते बाजार में भीड़भाड़ की स्थिति है। इस दौरान ग्राहकों या व्यापारियों के साथ नकबजनी हो सकती है। जिसके चलते सोहागपुर पुलिस बाजार में निगरानी कर रही है।सोहागपुर टीआई ऊषा मरावी व एएसआई गणेश राय ने बताया कि त्यौहारों के दौरान साइबर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों के संबंध में सोहागपुर पुलिस की तैयारी जारी है। राय के अनुसार पुलिस द्वारा फिक्स पॉइंट सहित थाना मोबाइल से सतत भ्रमण किया जा रहा है तथा बाजार व देनवा गार्डन में लगी प्रदर्शनी में पुलिस की गश्त बढ़ाई गई है। टीआई मरावी ने रक्षाबंधन की खरीदी के जाती महिलाओं से अपील की है कि ऑनलाइन भुगतान दौरान साइबर क्राइम की संभावना से बचाव का ध्यान रखें। मरावी ने जनता से भी अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध दिखाई दे तो पुलिस सहायता के लिए शहर थाने के व्हाट्सएप नंबर 7587619471 पर सूचना दे सकते हैं। पुलिस के अनुसार शहर में सीसीटीवी कैमरे लगने का नप सोहागपुर के विचारार्थ प्रस्ताव लिया जाएगा। प्रस्ताव स्वीकृति हो तो शहर में मुख्य स्थानों पर कैमरे लगाकर शहर थाने में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जिससे 24 घंटे नज़र रखी जा सके।

### भाजपाईयों ने टाउन जेई व बिजली कंपनी कर्मियों से की आगामी योजनाओं पर चर्चा

# फीडर सेपरेशन बढ़ाने, कृषि विद्युत व्यवस्था सपृथक करने के बिजली कंपनी को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर की ध्वस्त पड़ी बिजली व्यवस्था को सुधारने कुछ नए कार्य जरूरी हैं। जिनके लिए मंथन प्रारंभ किया गया है। मंथन की शुरुआत मंगलवार शाम भाजपाईयों एवं बिजली कंपनी अधिकारियों के बीच हुई बैठक से हुई है। जिसमें आगामी योजनाओं पर विचार किया गया है।भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज के अनुसार लोनिवि रेस्ट हाउस में टाउन जूनियर इंजीनियर विजय धुर्वे व उनके सहयोगियों के साथ काफी लंबी बैठक की गई है। जिसमें शहर में मात्र दो फीडर उपलब्धता को कम मानते हुए फीडर संख्या बढ़ाने पर चर्चा की गई है। सरोज ने बताया कि बैठक में उपस्थित नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, मंडलाध्यक्ष नीरज यादव, पार्षद आशीष विश्वकर्मा व रविशंकर उईके सहित दशरथ रघुवंशी, पूर्व पार्षद दीपक साहू, वसीम खान, धर्मेंद्र सराठे आदि ने टाउन जेई धुर्वे को आश्वस्त किया है कि शहरी विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए नए कार्यों के प्रस्ताव बनाएं। भाजपाई प्रस्ताव लेकर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह से भेंट करेंगे। और विधायक भी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था सुधार के प्रस्ताव पर तत्काल कार्रवाई करेंगे, यह तय है। इस दौरान मीडिया ने भी विद्युत व्यवस्थाओं की क्षेत्र में जारी लगातार समस्याओं को लेकर जूनियर इंजीनियर धुर्वे से चर्चा की धुर्वे ने सभी समस्याओं के आगामी समय में निराकरण का



आश्वासन दिया है।ट्रिपिंग पर हुई चर्चाबैठक में चर्चा हुई के क्षेत्र में ट्रिपिंग समस्या बनी हुई है और नागरिक खासे नाराज हैं। जिस पर जेई धुर्वे ने कहा कि बार-बार लाइन फाल्ट के कारण यह समस्या हो रही है। और उनकी टीम समस्या समाधान के लिए प्रयत्नशील है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि मेंटेनेंस की आवश्यकता है तो घोषित रूप से कटौती का शेड्यूल तय करें। लेकिन पूरे मेंटेनेंस के कार्य एक बार में ही करें। बार-बार की ट्रिपिंग से नागरिकों को बहुत अधिक परेशानी होती है। खासकर रात्रि में होने वाली ट्रिपिंग बुजुर्गों, बच्चों व रोगियों के लिए पीड़ादायी हो जाती है। धुर्वे ने व्यवस्था सुधार का आश्वासन दिया है।बदलें कमर्शियल मीटरबैठक में एक महत्वपूर्ण मुद्दा सामने आया कि सोहागपुर शहर में दुकानों की संख्या की तुलना में कमर्शियल बिजली मीटर की संख्या बहुत कम है। इससे स्पष्ट है कि कई दुकानों को घरेलू मीटरों से संचालित किया जा रहा है। चर्चा अनुसार यह तथ्य सर्वज्ञात है कि वहर में दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की संख्या कमर्शियल मीटर्स से कहीं अधिक है। जेई से भाजपाइयों ने कहा कि दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मीटर चेक किए जाएं और यदि घरेलू मीटर लगे हैं तो उनके स्थान पर व्यावसायिक मीटर लगाए जाएं। भाजपाईयों ने यह भी कहा कि किसी को भी अनावश्यक परेशान ना किया जाए। कमर्शियल मीटर लगाने के लिए एक माह का समय दिया जाए और यदि तय अवधि में व्यापारी प्रक्रिया संपन्न नहीं करें तो कंपनी के नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

**इनका कहना है**



प्रयासरत हैं कि बिजली समस्या का समाधान हो। जेई को नए कार्य के प्रस्ताव बनाने को कहा है। विधायक जी से भी चर्चा हुई है।
"- अश्विनी सरोज, भाजपा मंडल अध्यक्ष।



टाउन जेई से हम भाजपाईयों ने शहर में फीडर संख्या बढ़ाने को कहा है, ताकि लोड बढ़ने पर फाल्ट ना हों।"-
अभिनव पालीवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष

## व्यापारी से ग्रामीण ने की अभद्रता, थाने में की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के एक व्यापारी के साथ एक ग्रामीण द्वारा अभद्रता करने के मामले पर सोहागपुर व्यापारी संघ ने थाना प्रभारी के नाम आवेदन सौंपा है। व्यापारियों ने ग्रामीण पर कार्रवाई की मांग की है।सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल के नेतृत्व में सोमवार शाम व्यापारियों ने एक आवेदन टीआई के नाम दिया है। जिसमें आवेदक अखिलेश भावसार ने उल्लेख किया है कि रंगीराम चौराहा के समीप उनकी दुकान पर सोमवार शाम पांच बजे ग्राम रानीगोहान का अज्ञात व्यक्ति आकर अभद्र व्यवहार करने लगा। आवेदक द्वारा मना करने पर व्यक्ति गालीगलौच कर बोला कि तुम्हारी दुकान का सारा सामान खरीद लूंगा। तुम व्यापारी किसानों व ग्राहकों के साथ लूटमार करते हो। आवेदक ने उक्त व्यक्ति को गालियां देने से मना किया तो वह व्यापारी संघ को बुरा कहते हुए बोला कि मेरी शिकायत की तो दुकान को आग लगाकर बर्बाद कर दूंगा और मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा।

आवेदन अनुसार घटना से व्यापारी भयभीत हैं कि उक्त व्यक्ति व्यापारी या उसके जान माल के साथ अप्रिय घटना कारित कर सकता है। व्यापारियों ने पुलिस से मांग की है कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाए।

## कोटवारों का आरोप-धमकाती हैं नायब तहसीलदार नीरू जैन, हो कार्रवाई, सौंपा ज्ञापन



सोहागपुर। मप्र आजाद कोटवार कर्मचारी संघ सोहागपुर ने मंगलवार को नायब तहसीलदार रंजीत चौहान को एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा है। ज्ञापन में आरोप है कि नायब तहसीलदार नीरू जैन ने कोटवारों को धमकाया है।कोटवार संघ की ओर से दिए गए ज्ञापन अनुसार नायब तहसीलदार नीरू जैन ने सरकारी आवास पर ग्राम कोटवारों को बुलाया। तथा धमकाया कि नहीं आए तो सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, कारण बताओं नोटिस दिए जाएंगे तथा वेतन काटने रोकने की भी धमकी दी गई। ज्ञापन अनुसार कोटवारों से उनकी इच्छा के विरुद्ध बिना पारिश्रमिक के दो-तीन दिन से अधिकारी द्वारा घर पर कार्य कराया जा रहा है। कोटवार संघ ने ज्ञापन में प्रश्न किया है कि क्या शासन द्वारा नियुक्त किये गए कोटवारों को निजी कार्यों में लगाया जाना उचित है? साथ ही मांग की गई है कि नायब तहसीलदार पर तीन दिन में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो समस्त कोटवार पीपल चौक नर्मदापुरम पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान समस्त कोटवार उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेटों द्वारा कारगिल की वीर गाथा को रंगों के द्वारा कागजों पर चित्रण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में एनसीसी के विद्यार्थियों के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर कारगिल में शहीद वीरों की गाथा को उनके पराक्रम को रंगों के द्वारा पेंटिंग के माध्यम से कागज पर उकेरा। एनसीसी कैडेटो द्वारा 26 जुलाई सन 1999 की अमर गाथा और भारतीय जवानों के सम्मान को रंगीन चित्रों के माध्यम से कागजों पर चित्रित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने कहा कि भारतीय सैनिकों का बलिदान पराक्रम और त्याग की भावना सर्वोपरि है एक सैनिक हमेशा अपने परिवार को छोड़कर देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहता है हमें उनके बलिदानों को हमेशा अपने दिल में बनाए रखना है और उनके सम्मान में ऐसे कार्यक्रम किया जाना जरूरी है

कार्यक्रम का संचालन कर रहे एनसीसी अधिकारी कैप्टन सुनील सोनी ने कहा कि भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के साथ-साथ उसकी सीमाओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित करती है भारतीय सेना भारत की शक्ति पराक्रम और एकता को दर्शाती है हमारा इतिहास बताता है कि भारतीय सेना ने राष्ट्र को बाहरी खतरों और सीमाओं को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इसीलिए भारतीय सेना एक संस्था ही नहीं बल्कि त्याग अनुशासन और देशभक्ति की प्रतीक है एक भारतीय सैनिक मैं समर्पण अनुशासन और बलिदान की भावना सदैव रहती है इसीलिए भारतीय सेना के सैनिक निरंतर चुनौतियों और कठिनाइयों का जीवन जीते हैं सैनिक हर चुनौतियों के बावजूद अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहते हैं । कार्यक्रम में लगभग 25 एनसीसी कैडेट ने सहभागिता की सभी ने सुंदर रंगों के द्वारा अमर जवानों की वीरगाथा का चित्रण किया कार्यक्रम में कैडेट प्रदीप मेहरा आकाश गौरव धुर्वे सोनू धुर्वे अजय कलमें मयंक और लकी कुशवाहा ने भागीदारी निभाई।

## शंभू कांवड़ यात्रियों ने किया रामेश्वर महादेव का अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पूज्य गुरुदेव गृहस्थ संत पंडित मनमोहन मुद्गल जी महाराज की दिव्य प्रेरणा से शंभू भक्त मंडल एवं सांगा खेड़ा खुर्द के ग्रामवासियों ने नर्मदा जी का पूजन कर नर्मदा जल लेकर लगभग 400 कावड़ यात्री माखन नगर स्थित राम जानकी मंदिर पहुंचे रामेश्वर महादेव का पूजन अभिषेक किया। कावड़ यात्रा गृहस्थ संत साधक प्रकाश मनमोहन मुदगल जी के सानिध्य में शंभू भक्त मंडल एवं सांगा खेड़ा और आसपास के ग्रामीण जनों ने श्रावण माह के अंतिम के अंतिम सोमवार को सुबह 9:00 बजे नर्मदा पूजन के बाद कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई ग्राम पाटनी गौरी शंकर यादव सुबोध दुबे कल्याण यादव सहित ग्रामीणों ने संत पकाश स्वागत किया। आशीर्वाद लिया यात्रा सैंडरवांडा फुरतला ताल केसरी गाजनपुर होते हुए माखन नगर पहुंची जहां नगर वासियों के साथ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव यशवंत सिंह राजपूत ने कावड़ यात्रियों का स्वागत कर संत मुदगल जी का आशीर्वाद लिया यात्रा के सफल आयोजन के लिए आध्यात्मिक एवं सनातन संस्कृति पुनरुत्थान मंडल ने सभी भक्तों एवं धर्म प्रेमियों का आभार व्यक्त किया है।

## मित्रता दिवस पर अभा ब्राह्मण एकता परिषद की मासिक बैठक संपन्न

सोहागपुर। विश्व मित्रता दिवस पर गत दिनों अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ सोहागपुर की मासिक बैठक प्रीति परसाई द्वारा स्थानीय कड़ा माणिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज भवन में आयोजित की गई। जिसमें परिषद की महिलाओं ने मित्रता दिवस पर ब्राह्मण महिला संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही परिषद द्वारा महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें भावना शर्मा ने प्रथम, सुनिधि दीवान ने द्वितीय और दीपाली दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में परिषद जिलाध्यक्ष चित्रा तिवारी, सोहागपुर तहसील पूनम दुबे, सरला शर्मा, क्षमा दीवान, रीता दुबे ,अमिता दुबे, दीपाली दुबे, सुनीति दीवान, श्यामा पांडे, हेमलता, प्रीति परसाई, भावना शर्मा, विदुषी दीवान की उपस्थिति रही। आगामी कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी को राष्ट्रीय एवं धार्मिक पर्व के रूप में मनाने चर्चा की गई। आगामी बैठक में योजना अनुसार राष्ट्रीय एवं धार्मिक उत्सव मनाने पर सभी विप्र महिलाओं ने अपनी सहमति प्रदान की।

## कई बार अनुपस्थित पाए गए शिक्षक को फिर दिया कारण बताओ सूचना पत्र

सोहागपुर। ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला महुआखेड़ा कला में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक प्रहलाता सिंह पटेल को पांच अगस्त को अनुपस्थिति के चलते कारण बताओ सूचना पत्र दिया गया है। जनपद शिक्षा केंद्र सोहागपुर कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार 5 अगस्त को शास.प्राथमिक शाला महुआखेड़ा कला का अवलोकन सीएसी नंदकिशोर खरे ने किया। जिसमें पाया गया कि शिक्षक प्रहलाद सिंह पटेल बिना सूचना के अनुपस्थित थे तथा इसके पूर्व भी संबंधित शिक्षक को अनुपस्थिति के संबंध में कार्यालय द्वारा कई बार कारण बताओ सूचना पत्र दिए गए हैं। जुलाई 2023 से अप्रैल 2025 तक उक्त शिक्षक को 8 बार अनुपस्थिति बाबत सूचना पत्र दिए जाने के बाद भी बिना सूचना बार-बार अनुपस्थित रहना व कर्तव्यों का पालन ना करना सेवा सिविल अधिनियम 1965 के अनुकूल नहीं है। अतः क्यों ना इसके लिए शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। शिक्षक को स्पष्टीकरण देने के लिए पत्र में उल्लेख किया गया है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मनाया गया सुपोषण दिवस कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विश्व स्तनपान सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त 2025 तक मंगलवार को परिक्षेत्र सांगा खेड़ा खुर्द में विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत सुपोषण दिवस कार्यक्रम मनाया गया एवं ब्रेस्टफीडिंग मां का पहला दूध के विषय में बताया गया की मां का पहला दूध बच्चों के लिए टीकाकरण का कार्य करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है कार्यक्रम में ग्राम की महिलाएं गर्भवती धात्री महिला किशोरी बालिकाओं को सम्मिलित किया गया।

कार्यक्रम में पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा द्वारा तिरंगा भोजन पोषण थाली के बारे में फ्लेक्स के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई ग्राम की महिलाएं एवं कार्यकर्ता जया कुशवाहा और शांति मेहरा उपस्थित रही।

## सांदीपनि योजनाः सिवनी मालवा में 20 शासकीय शालाओं का मर्जर, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

राज्य शासन द्वारा संचालित सांदीपनि योजना के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग ने एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय लेते हुए सिवनी मालवा ब्लॉक की 20 शासकीय प्राथमिक शालाओं का मर्जर (एकीकरण) करने का आदेश जारी किया है। यह निर्णय शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, संसाधनों का समुचित उपयोग करने तथा विद्यार्थियों को समृद्ध शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। यह मर्जर आदेश मध्यप्रदेश शासन की 'विद्यालय समेकन नीति' का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत कम छात्र संख्या वाली शालाओं को निकटवर्ती संसाधनयुक्त शालाओं में समाहित किया जाता है। शासन का मानना है कि इससे विद्यार्थियों को बेहतर अध्यापन, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला एवं डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### विभाग की प्राथमिकताएं

गुणवत्तापूर्ण शिक्षणः विद्यार्थियों को प्रशिक्षित एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से शिक्षा मिलेगी। संसाधनों का अधिकतम उपयोगः सीमित संसाधनों को अलग-अलग शालाओं में बाँटने की बजाय उन्हें एक स्थान पर केंद्रित किया जाएगा। एकीकृत विद्यालयों में प्रशासनिक एवं शैक्षणिक नियंत्रण अधिक प्रभावशाली होगा।

आईसीटी लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट कक्षाएं आदि से छात्र-छात्राओं को लाभ होगा। इन सभी शालाओं को पास की उच्च संसाधनयुक्त शालाओं में मर्ज किया गया है। इससे एक ओर जहां छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, वहीं शिक्षक भी सहयोगात्मक रूप से कार्य कर सकेंगे।

### होगा लाभ

शिक्षा विभाग का यह कदम छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए सकारात्मक साबित होगा। बच्चों को एक ही स्थान पर समस्त सुविधाएं मिलने से वे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में आगे बढ़ सकेंगे। वहीं शिक्षकों को भी अधिक संख्या में छात्रों को पढ़ाने और अपनी योग्यता को दर्शाने का अवसर मिलेगा। शिक्षा विभाग ने यह भी आश्वासन दिया है कि जिन बच्चों को दूरी के कारण समस्या हो सकती है, उनके लिए परिवहन सुविधा एवं अन्य सहयोगात्मक उपाय किए जाएंगे।

### अपील

शिक्षा विभाग ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे इस परिवर्तन को सकारात्मक दृष्टि से देखें और अपने बच्चों को समय पर नवीन मर्ज विद्यालयों में प्रवेश दिलाएं। शासन यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित न हो।

## स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विखं के आदिवासी बहुल ग्राम घोड़ा नार की प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को मानव सेवा समिति ने स्कूल में जाकर पाठ्य सामग्री वितरण की समिति की प्रमुख बाई जी एवं अर्जुन नर्रे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा समिति इस पुनीत कार्य को जारी रखते हुए शाला के विद्यार्थियों आगे भी सहयोग प्रदान करती रहेगी। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सदस्यों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने फलदार वृक्ष रोपे।

### श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में द्वादश पार्थिव ज्योर्तिलिंग का पूजन जारी

# केदारनाथ ज्योर्तिलिंग वह है जिसका प्रलय भी कुछ नहीं बिगाड़ पाया : पं. विनोद दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में द्वादश पार्थिव ज्योर्तिलिंग का पूजन, अभिषेक एवं एक लाख रूद्रि निर्माण चल रहा है। जिसके तहत मंगलवार को केदारनाथ ज्योर्तिलिंग का पूजन एवं अभिषेक मुख्य यजमान लखन सैनी ,भारती सैनी , आरती सैनी ने किया। भगवान शिव की भक्ति में ही शिव की शक्ति छिपी हुई है। शिव दाता भी है और तांडवकर्ता भी। शिव के बिना सृष्टि कैसी और सृष्टि के बिना शिव कैसे।

सावन मास में ज्योर्तिलिंग का पूजन और अभिषेक अपनी अलग मान्यता रखता है। उक्त उदगार श्री द्वादश ज्योर्तिलिंग के मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने केदारनाथ ज्योर्तिलिंग के अभिषेक के समय व्यक्त किए। बारह ज्योर्तिलिंगों के पूजन और अभिषेक के अंतर्गत केदारनाथ ज्योर्तिलिंग का पूजन अभिषेक संपन्न हुआ।

केदारनाथ की महिमा बताते हुए पं. विनोद दुबे ने कहा कि उत्तराखंड के हिमाच्छादित क्षेत्र में केदारनाथ विराजित है। वैशाख से लेकर आश्विन माह तक श्रद्धालु केदारनाथ की यात्रा कर सकते है। बाद में पट बंद कर दिए जाते है। पं. विनोद दुबे ने बताया कि कार्तिक माह में शुद्ध घी का नंदा दीपक जलाकर भगवान को नीचे उरवी मठ लाया जाता है। वैशाख में जब बर्फ पिघल जाती है तब केदारनाथ के पट पुनः खोल दिए जाते है।

केदारनाथ का मार्ग अति जटिल है। फिर भी यात्री यहां पहुंचते है। पं. दुबे ने कहा कि कुछ वर्षो पूर्व केदारनाथ क्षेत्र में आपदा आई लेकिन केदारनाथ शिवलिंग का कुछ भी नहीं बिगड़ा यह शिव का ही चमत्कार है। बुधवार को घृष्णेश्वर ज्योर्तिलिंग के पार्थिव स्वरूप की पूजन एवं रूद्राभिषेक किया जायेगा।

## श्रावण मास में शिव दर्शन, महा रुद्राभिषेक व कांवड़ यात्रा का विशेष महत्वः साधक पकाश मुदग़ल

माखन नगर। श्रावण मास के पावन अवसर पर पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन पंडित मनमोहन मुदगल जी महाराज की प्रेरणा से श्री शंभू कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया । कावड़ यात्रा नर्मदा तट सांगाखेड़ा खुर्द से प्रारंभ होकर माखन नगर के राम जानकी बड़ा मंदिर पहुंची जहां भगवान रामेश्वरम महादेव का अभिषेक संपन्न हुआ। यात्रा पाटनी, फुरतला,सेंदरवाड़ा, तालकेसरी ,गाजनपुर सिरवाड़ होते हुए माखननगर पहुंची । यात्रा गृहस्थ साधक पंडित प्रकाश मनमोहन मुद्गल के सानिध्य में निकाली गई । इस अवसर समस्त ग्रामों के लोग एवं माखन नगर क्षेत्रवासी उपस्थित रहे । यात्रा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समस्त कावड़ियों का ग्रामवासियों एवं माखननगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गृहस्थ साधक पंडित प्रकाश मनमोहन मुदगल जी ने श्रावण मास में भगवान शंकर के दर्शन, महा रुद्राभिषेक एवं कावड़ यात्रा का महत्व बताया एवं सभी उपस्थितजनों को धन्यवाद दिया ।

## जन सुनवाई, नागरिकों ने दिये आवेदन

शोभापुर। ग्राम शोभापुर के ग्रापं भवन में मंगलवार को हुई जन सुनवाई में नागरिकों ने समस्याओं के संबंध में आवेदन दिए हैं। सोहागपुर की नवागत एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने जॉइनिंग के तत्काल बाद जन सुनवाई उपस्थिति दी। इस दौरान अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। जानकारी अनुसार जन सुनवाई में काशीबाई अकोलाटोला ने मुख्यमंत्री नल जल योजना को लेकर शिकायत की है। वीर सिंह पुर्विया शोभापुर वार्ड क्रमांक सात ने गंदे पानी की निकासी की मांग की।


### न्यायालय तहसीलदार माखन नगर जिला नर्मदापुरम

क्रमांक ...... प्रवा. / तह. / 2025 माखन नगर दिनांक 30.07.2025

रा.प्र.क्र.0138/बी-121/25-26 मौजा ग्राम रैपुरा

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी शासकीय अस्पताल बाबई सरवराकार सिविल सर्जन नर्मदापुरम की निम्न दर्शित ग्राम रैपुरा स्थित भूमि की वर्ष 25-26 की खरीब एंव रबी की एक फसल बाबत नीलामी दिनांक 14.08.2025 को दोपहर तीन बजे तहसील कार्यालय प्रांगण माखन नगर में की जावेगी।

**नीलामी भूमि का विवरण**

| क्रमांक | ग्राम का नाम | खातेदार का नाम | खसरा नम्बर | रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रैपुरा | शासकीय अस्पताल माखन नगर सरवराकार सिविल सर्जन नर्मदापुरम भूस्वामी | 14<br>20/2<br>111/2<br>137/1 | 2.351 हे.<br>6.806 हे.<br>4.416 हे. |
| | | | 02 | 13.633 हे. |

अत: उपरोक्त वर्णित कृषि भूमियों की एक कृषि वर्ष 2025-26 खरीब एंव रबी फसल के लिए नीलामी की जाना है, जिस भी किसी व्यक्ति को नीलामी में भाग लेना हो वह नियत दिनांक/ स्थान / समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकता है। इच्छुक व्यक्ति को बोली लगाने के पूर्व अमानत राशि के रूप में 20,000/- बीस हजार रूपया जमा करना होगा तथा अंतिम सर्वोच्चय मान्य बोली की सम्पूर्ण स्वीकृत राशि बोलीदार को तीन दिवस में जमा करना होगी अन्यथा अग्रिम जमा अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी। नीलामी स्वीकृत करना या न करना. सक्षम अधिकारी का अधिकार रहेगा।

आज दिनांक को इस न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
माखन नगर

## खबर संक्षेप



### खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाइयों के नमूने लिए

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने मंगलवार को हरदा के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाईयों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान हरदा के राजस्थान मिष्ठान से केसर बर्फी और मावा बर्फी, बादर स्वीट हरदा से मलाई बर्फी तथा न्यू पुरोहित स्वीट हरदा से पेड़ा और मिल्क केक के सैंपल लिये गये। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### आज बंद रहेगा हरदा-सिराली मार्ग

**हरदा।** हरदा सिराली मार्ग पर वाहनों का संचालन पूरी तरह रहेगा बंद। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, हरदा-सिराली मार्ग पर स्थित रेलवे गेट क्रमांक 201 (भिरंगी झ पलासनेर सेक्शन) हरदा-सिराली मार्ग पर 06 अगस्त 2025 को अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रातः 08 बजे से सायं 06बजे तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। रेलवे विभाग द्वारा किए जा रहे इस आवश्यक अनुरक्षण कार्य के चलते उक्त मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित रहेगा। जिले की यातायात पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की है कि वे इस दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें।

### चार वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**हरदा।** जेएमएमसी न्यायालय हरदा द्वारा जारी स्थाई वारंट छिले चार वर्षों से फरार आरोपी नरेंद्र पिता अमरसिंह राजपूत, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 31, बैरागढ़, हरदा को आज मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड हरदा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए स्थायी वारंटी को न्यायालय हरदा में पेश किया गया।

### जिले में चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**हरदा।** सीईओ जिला पंचायत सविता झानिया ने बताया कि अगस्त माह के प्रथम पखवाड़े में जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संगअभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण में 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी।

### 30 अगस्त तक बढ़ाई गई फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिये अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। अऋणी किसान एवं ऐसे किसान जिनका फसल बीमा छूट गया है वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र तथा सीएससी ऑनलाइन पर जाकर फसल बीमा कराए। ताकि फसल नुकसानी के समय किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें। फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज ले जाना अनिवार्य है।

### कलेक्टर, गोराखाल वाटरफॉल पर सुरक्षा के दृष्टिगत रैलिंग बढ़ाई जाए

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई करें

### नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में आमजन को परेशानी न हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के वनक्षेत्र गोराखाल में पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण वाटरफॉल में पर्यटकों की सुरक्षा के दृष्टिगत 20 मीटर रैलिंग बढ़ाए जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि यहां पर्यावरण प्रभावित न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए एवं कचरे के संग्रहण के लिये पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखे जाएं। मंगलवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिले में यूरिया वितरण सुव्यवस्थित तरीके से करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सहकारी समितियों में अधिक से अधिक यूरिया उपलब्ध कराया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की एल-वन स्तर पर अनदेखी करने वाले अधिकारियों के प्रति कलेक्टर का सख्त रूख रहा। महिला एवं बाल विकास में दर्ज शिकायतें अनअटेंडेड पाये जाने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं तीनों बाल विकास परियोजना अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसी तरह जिला पंचायत में अनअटेंडेड शिकायतें पाये जाने पर जिम्मेदार कर्मचारी का एक सप्ताह का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले बाल विकास परियोजना अधिकारियों का भी एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। बैठक में नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण-पत्र उनके अभिभावकों को सहूलियत से प्रदान करने के निर्देश दिये गये। जिले के मुख्य मार्गों पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में शिफ्ट किये जाने पर भी कलेक्टर द्वारा जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध शराब विक्रय को मुहिम चलाकर रोका जाए। साथ ही इस तरह के कार्यों में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

#### पेंशन प्रकरण लंबित न रहें

बैठक में कहा गया कि सभी विभाग उनके अधीन सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण दो माह में पूर्ण कर जिला पेंशन अधिकारी को प्रेषित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि खरीफ फसलों की गिरदावरी का कार्य प्रारम्भ किया जाए। उद्यानिकी एवं श्री अन्न फसलों की गिरदावरी में पटवारी एवं विभाग के आंकड़ों में फर्क न आए। कलेक्टर ने कहा कि अवैध कालोनियों के निकट कार्यवाही में कोई रियायत न बरती जाए।

#### दो मंजिला होंगे, स्कूल आंगनबाड़ी भवन

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासकीय स्कूल अथवा आंगनवाड़ी परिसरों में बच्चों को पर्याप्त खेलकूद के स्थान सुरक्षित रखने के दृष्टिगत अब नये स्कूल व आंगनवाड़ी भवनों का डिजाइन दो मंजिला भवन बनाया जाएगा एवं यह भवन दो तल वाले निर्मित किये जायेंगे।

#### मरम्मत एवं रंगरोगन होगा

संयुक्त कार्यालय भवन (कलेक्ट्रेट) में आवश्यक मरम्मत कराई जाकर नये सिरे से रंग रोगन कराया जाएगा। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को भवन की छत की वाटर प्रूफिंग कराने, खिड़कियों में कांच एवं मच्छर जाली लगाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि प्रसाधन कक्षों में नलों इत्यादि की मरम्मत कराई जाए। साथ ही भवन की अन्य आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

### जनवाई में सुनाई परेशानियां

## कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुन दिए निराकरण के निर्देश



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू के साथ-साथ एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम नांदरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर नल जल योजना के ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की, जिस पर उन्होने विद्युत वितरण कम्पनी के महाप्रबन्धक को ट्रांसफार्मर बदलवाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में मो. जकरिया ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर नलकूप खनन का भुगतान कराने की मांग की, जिस पर उन्होने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत टिमरनी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम हीरापुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर माध्यमिक शाला में गणित और विज्ञान के शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की, जिस पर उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

डॉ. एल.एन. पाराशर ने कलेक्टर श्री जैन को विवेकानंद काम्प्लेक्स में अतिक्रमण के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये। ग्राम पड़वा निवासी ममता गौर ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर बताया कि उसे पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, जिस उन्होने तहसीलदार रहटगांव को प्रकरण की जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम धनवाड़ा निवासी अंजू नायड़े ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर बताया कि उसका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है, जिस पर उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पात्रता अनुसार आवेदिका का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये।

## विदर्भ और देवगिरी के प्रांत संगठन मंत्री सहित महाराष्ट्र के 40 प्राचार्य हरदा पहुंचे

### विद्याभारती योजनानुसार संचालित सरस्वती शैक्षिक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



विद्याभारती योजनानुसार संचालित सरस्वती शैक्षिक यात्रा के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय हरदा में विदर्भ एवं देवगिरी प्रांत (महाराष्ट्र) से आए प्रांत संगठन मंत्री शैलेष जोशी, प्रांत सहमंत्री समीर थोडगे तथा महाराष्ट्र प्रांत के 40 प्रतिष्ठित प्राचार्य एवं व्यवस्थापकगणों का प्रेरणादायी एवं गौरवमयी आगमन हुआ। यह शैक्षिक यात्रा मुख्यतः विद्याभारती द्वारा संचालित विद्यालयों के सर्वांगीण विकास हेतु एक-दूसरे के अनुभवों को साझा करने, नवाचारों को देखने व समझने तथा श्रेष्ठ शैक्षिक व्यवस्थाओं को आत्मसात करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। आगंतुक प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, सांस्कृतिक एवं संस्कार केंद्रित कार्यक्रमों, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, योग, खेल व विज्ञान नवाचार कक्षाओं का विशेष रूप से निरीक्षण किया। प्राचार्य देवानंद सोनार ने अतिथियों को विद्यालय की उपलब्धियों, नवाचारों की जानकारी दी। जिसे सभी आगंतुकों ने अत्यंत सराहा। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन, नैतिक मूल्य-निर्माण और विद्यार्थियों की प्रतिभा को अत्यधिक प्रेरणादायक बताया। अंत में शैलेष जोशी जी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि ₹ऐसे विद्यालय ही राष्ट्र निर्माण के सच्चे स्तंभ होते हैं। संस्कार, शिक्षा और सेवा का समन्वय इस विद्यालय की पहचान है।₹ इस अवसर पर विद्यालय में एक सनातन कक्ष का भी उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष आलोक जैन सचिव संदीप केकेरे एवं समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हरफनमौला कलाकार और गायक का जन्मदिवस

## सदाबहार गानों के बीच केक काटकर मनाया किशोर दा का 96वां जन्मदिन




**हरदा।** हरफनमौला कलाकार और गायक किशोर कुमार के 96 जन्मदिवस का आयोजन सुदीप मिश्रा की टीम सहित शहर के गायकों ने मिलकर किया। आयोजनकर्ता राम नेमा ने बताया किशोर दा के चाहने वाले खंडवा ही नहीं देश-दुनिया के कोने-कोने में है। उनके हरफनमौला अंदाज के कायल पूरी दुनिया है। यही वजह है कि उनके चाहने वाले बच्चे से लेकर बूढ़े तक हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ बीजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला मंडल अध्यक्ष नितेश बादर ,बंटी पाराशर, लायंस क्लब अध्यक्ष अंजू भायरे, रेखा पटेल, कमल सोनी की उपस्थिति में हुआ।

हरदा के पॉलिटेक्निक कॉलेज में रात 8 बजे से देर रात तक चले इस संगीतमय आयोजन में शहर के गायक विक्रांत अग्रवाल, जय पुजारी, कपिल यादव , अपूर्वा नौनिहाल, निखिल रूनवाल, आर्यन नेमा, ने किशोर दा के दिल क्या करे जब किसी से, नीले नीले अंबर में, पल पल दिल के पास, ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, तेरे जैसा यार कहा, जैसे सदाबहार नगमों पर प्रस्तुति दी साथ ही केक काटकर किशोर दा का जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आशीष साकल्ले ने किशोर कुमार के जीवन से जुड़े रोचक किस्से गीतों की प्रस्तुति के बीच सुनाए। इस दौरान शहर के संगीत प्रेमी, गायक, एडवोकेट, पत्रकार साथी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नगर के संगीत प्रेमियों ने केक काटकर किशोर दा को याद किया।

### वृद्धजनों, बच्चों और गर्भवती संबंधी योजनाओं पर ली जानकारी

## राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का किया अवलोकन



**हरदा।** प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी मध्यप्रदेश भोपाल में क्षमता निर्माण संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के अवलोकन हेतु भेजा गया है। मंगलवार सुबह उप स्वास्थ्य केन्द्र मगरधा में पॉच सदस्यीय दल ने उपस्थित सीएचओ आरती दांदरे, एएनएम, आशा सुपरवाईजर एवं ग्राम की आशा कार्यकर्ताओं से विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा की और मैदानी क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वय की स्थिति का जायजा लिया। दल सदस्यों ने स्वास्थ्य केन्द्र के ओपीडी, वैक्सीन रूम, भर्ती वार्ड, गार्डन इत्यादि का निरीक्षण किया । सीएचओ श्रीमती दांदरे ने बताया कि संस्था को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक अंतर्गत चयनित किया गया है। ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण भी प्रगति पर है शीघ्र ही क्षेत्र के लोगों की इसका लाभ मिलना प्रारंभ होगा।

भ्रमण के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर आदित्य नारायण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर अनिल कचनारे, ट्रेजरी अधिकारी कविता वास्कले, सहायक संचालक वित्त अनुश्री शुक्ला के दल ने ग्राम मगरधा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सेवाओं, योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होने दस्तक अभियान, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, स्वस्थ्य यकृत मिशन के हितग्राहियों को दी जा रही सेवाओं को देखा व उनसे चर्चा कर प्रमुख बिन्दु अपनी डायरी में दर्ज किये। योजनाओं से संबंधित आंकड़े व दस्तावेजों का निरीक्षण भी दल द्वारा किया गया । दल में शामिल वित्त विभाग की अधिकारी अनुश्री शुक्ला ने टीका लगवाने आई गर्भवती महिला दीपा राहुल विश्वकर्मा से स्वास्थ्य केन्द्र से मिलने वाली सेवाओं व सुविधाओं के बारे में पूछा। हितग्राही श्रीमती विश्वकर्मा ने गर्भावस्था के दौरान देखभाल की जानकारी दी और टिटनेस से बचाव के टीके, आयरन व कैल्शियम गोली मिलने की जानकारी दी। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सुभाष चंद्र पारे ने केन्द्र पर की जा रही एनसीडी जॉच सेवाओं की सराहना करते हुए सेवाओं में विस्तार करने की बात दल के सामने रखी । इस दौरान उपस्थित बीईई अजय उपाध्याय एवं डीसी आरबीएसके आशीष साकल्ले ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संक्षिप्त परिचय प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रस्तुत किया। दल ने आशा कार्यकर्ताओं को मिलने वाले मासिक मानदेय, टीकाकरण प्रतिरोधी परिवारों के लिए कार्ययोजना बनाने, ग्राम स्तर पर स्वच्छ पेयजल, घर पर प्रसव के मामलों में कमी लाने व एम्बूलेंस की उपलब्धता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

### पहली बैठक के साथ भाजपा के नए कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी का नया जिला कार्यालय अब शहर के केंद्र में बस स्टैंड के पीछे स्थित बहावलपुरी समाज की धर्मशाला में तैयार हो गया है। सोमवार को कार्यालय का उद्घाटन हुआ और पहली बैठक भी यहीं आयोजित की गई। भाजपा के इस नए ठिकाने पर अब सभी संगठनात्मक गतिविधियां और आयोजन किए जाएंगे। गौरतलब है कि पिछले कई सालों से भाजपा के पास अपना निजी कार्यालय भवन नहीं है। इस वजह से पार्टी को किराए के भवनों में कार्यालय चलाना पड़ता है और जिलाध्यक्ष के बदलने के साथ ही कार्यालय का स्थान भी बदल जाता था।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्राम जमोनिया तालाब का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने एक बगिया मां के नाम परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से ग्राम जमोनिया तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना के तहत भूमि आवंटन के लिए सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से सैंपल के रूप में स्वयं सर्वे किया और हितग्राही का चयन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा ने बताया कि एक बगिया मां के नाम परियोजना का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण करना हे। इसके तहत सिपरी सॉफ्टवेयर एप के माध्यम से जिले के अलग-अलग स्थानों पर भूमि एवं हितग्राहियों का सर्वे कर चयन किया जा रहा है और भूमि तथा हितग्राहियों का चयन कर एनआरएलएम और मनरेगा द्वारा अधिक से अधिक फलदार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि सखियों एवं स्व सहायता समूह की दीदियों के खेतों को चयनित किया जाएगा।

## बाल अधिकार व संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




अवासीय स्कूल में बाल अधिकार एवं संरक्षण पर जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उनके संरक्षण हेतु समाज की भूमिका को स्पष्ट करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मती स्वप्न सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर एवं विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मती सुनीता रावत रहीं। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए संविधान व बाल अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने कहा, हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान से जीने का अधिकार है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा शोषण, बाल मजदूरी या हिंसा का शिकार न हो। बाल अधिकारों की रक्षा करना केवल सरकार की ही नहीं, हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेश खरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति सीहोर से मानसिंह सेन, रवि राठौर एवं तिलक दास बैरागी, सदस्यगण उपस्थित रहे। साथ ही ज़ीशान खान, जिला विधिक सेवा अधिकारी, अभिषेक भार्गव, शिक्षक, रत्नेश कुमार तिवारी, विनय दुबे, विशेष किशोर पुलिस इकाई तथा सामाजिक संस्था शौर्य एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी एवं विदिशा सोशल वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।